हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शनिवार 11 जुलाई 2026

11 मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी व त्रुटिरहित...



12 रोडवेज कर्मियों ने मांगें मानने पर हड़ताल वापस ली



## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**बरवाला।** पुलिस ने दुष्कर्म एवं पोक्सो अधिनियम के एक मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले मामले में संलिप्त एक महिला को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई थी। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में मिले तथ्यों के आधार पर मुख्य आरोपी तक पहुंचने में सफलता मिली है। मामले की जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर रचना के अनुसार, 7 जुलाई को पीड़िता के बयान के आधार पर बरवाला थाना में बीएनएस व पोक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने सबसे पहले पीड़िता की मुंहबोली रिश्तेदार, गांव राजली निवासी एक महिला को गिरफ्तार किया था। पुलिस रिमांड मिलने के बाद महिला से मामले के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत पूछताछ की गई। जांच के दौरान मिले तथ्यों के आधार पर मुख्य आरोपी पंघाल निवासी सतीश को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

### धमकी दे केस वापस लेने का दबाव बनाया, एक काबू

**हिसार।** सदर पुलिस ने गवाह को जान से मारने की धमकी देकर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से धमकी देने में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। मामले की जांच कर रहे उप निरीक्षक रमेश कुमार के अनुसार, जुगलान निवासी शिकायतकर्ता की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि विचाराधीन आपराधिक मामले में समझौता करने और गवाही न देने का दबाव बनाया गया। शिकायतकर्ता द्वारा इंकार करने पर उसे फोन पर अश्लील गालियां दी गईं और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच करते हुए शाहपुर निवासी राजेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

### 32 बोर पिस्टल सहित एक आरोपी पकड़ा

**हिसार।** सीआईए मिलगेट पुलिस टीम ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक युवक को 32 बोर के अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए मिलगेट प्रभारी पीएसआई संजीव कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही मनोज कुमार अपनी टीम के साथ सेक्टर-16/17 रोड स्थित बिजली घर के पास गश्त एवं अपराध नियंत्रण ड्यूटी पर मौजूद थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने लाडवा निवासी राममेहर को काबू कर लिया। तलाशी में उसके कब्जे से 32 बोर का एक अवैध पिस्टल बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ सिविल लाइन थाना में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी पर पहले भी आर्म्स एक्ट के तहत एक मामला दर्ज है।

### शहर को जाम मुक्त और आधुनिक बनाने की कवायद तेज, 30 रुपये करोड़ होंगे खर्च

# एक महीने में शुरू हो जाएगा लक्ष्मी बाई चौक से टाउन पार्क सिक्स-लेन का काम

- बस स्टैंड के सामने वाला फुटओवर ब्रिज जल्द हटेगा, रेलवे बनाएगा रेड स्क्वेयर मार्केट के लिए अंडरपास और नया पुल
- कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा की अध्यक्षता में हुई विशेष कमेटी की बैठक, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, विधायक सावित्री जिंदल और मेयर प्रवीण पोपली रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर को जाम की समस्या से हमेशा के लिए मुक्ति दिलाने और इसे एक बेहद आधुनिक व व्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं। शहर की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना लक्ष्मी बाई चौक से टाउन पार्क तक के मार्ग को सिक्स-लेन बनाने की राह में आने वाली सभी बाधाएं अब पूरी तरह दूर हो गई हैं। इस मार्ग से संबंधित सभी विभागों से एनओसी मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग को 3008.56 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। अब बहुत जल्द इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

यह जानकारी हिसार को जाम मुक्त बनाने के लिए गठित विशेष कमेटी की पांचवीं बैठक में कमेटी के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने की। बैठक में पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, हिसार की नवनिर्वाचित विधायक सावित्री जिंदल तथा महापौर प्रवीण पोपली ने भी हिस्सा लिया और शहर के बुनियादी ढांचे को सुधारने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं के टेंडर हो चुके हैं, उन पर अगली बैठक से पहले हर हाल में निर्माण कार्य शुरू हो जाना चाहिए।





### मुख्य सड़कें-चौक सुधार को लिए फैसले

डाबड़ा चौक जंक्शन के सुधार का टेंडर लगा दिया गया है, जिसे जल्द ही अलॉट किया जाएगा। वहीं, लघु सचिवालय के सामने राजगढ़ रोड चौक के चारों तरफ स्लिप रोड बनाने का टेंडर भी जारी हो चुका है। गुजवि के सिटी गेट से आगे नया चौक और स्लिप रोड बनाने का काम तेज कर दिया गया है। तुलसी चौक पर स्लिप रोड निर्माण की अड़चनें भी अब खत्म हो गई हैं। सुशीला भवन के नजदीक गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के साथ स्लिप रोड बनाने का काम धरातल पर शुरू हो चुका है। बस अड्डे के सामने बने और यातायात में बाधा बन रहे फुटओवर ब्रिज को हटाने का टेंडर खुल चुका है। इसे जल्द ही वहां से हटा दिया जाएगा।बैठक में डीसी महेंद्र पाल, एसपी सिद्धांत जैन, जिला नगरायुक्त सी. जयाश्रद्धा, एडीसी शालिनी चेतल, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, रणधीर सिंह धीरू, लोक निर्माण विभाग के एसई अजीत सिंह, एक्सईएन जतिन खुराना, डीएफओ रोहताश बिरथल तथा चीफ इंजीनियर संदीप बाना सहित विभिन्न विभागों के तमाम वरिष्ठ अधिकारी व रणनीतिकार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### रेलवे की 3डी प्रस्तुति और नए अंडरपास की तैयारी

शहर के बीकानेर चौक से शुरू होने वाले पुराने पुल के पुनर्निर्माण और प्रसिद्ध रेड स्क्वेयर मार्केट के लिए अंडरपास बनाने को लेकर रेलवे की ओर से बैठक में एक विशेष प्रस्तुति दी गई। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने रेलवे अधिकारियों को पूरी योजना की एक विस्तृत 3डी प्रेजेंटेशन तैयार कर अगली बैठक में लाने के निर्देश दिए हैं ताकि काम में कोई तकनीकी कमी न रहे। इसके अलावा, सेक्टर-27 के प्रवेश मार्ग पर अंडरपास बनाने की प्रशासनिक मंजूरी भी सरकार से प्राप्त हो चुकी है। बालसमंद डिस्ट्रीब्यूटरी पर पुल निर्माण और कैमरी रोड को साउदर्न बाइपास से जोड़ने के लिए सड़क को चौड़ा करने का टेंडर लगा दिया गया है, जिस पर जल्द काम शुरू होगा।

### बाइपास कनेक्टिविटी और नए चौक

बैठक के दौरान जिंदल चौक पर रोटरी बनाने, सेक्टर 9-11 चौक पर रोटरी बनाने, सिरसा रोड से सिविल अस्पताल तक के मार्ग को सिक्स लेन करने, बस अड्डे की बैक साइड से निकाले गए रास्ते का एसटीपी तक चौड़ा करने के लिए के लिए अभी तक की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त सिरसा और दिल्ली चुंगी की ओर से हिसार प्रवेश मार्ग पर फ्लाईओवर बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को आगामी कार्रवाई करने की हिदायत दी गई। बैठक में अवगत करवाया गया कि सेक्टर 27 प्रवेश मार्ग पर अंडरपास बनाने की प्रशासनिक स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। इसी प्रकार तोशाम रोड आईटीआई चौक पर रोटरी बनाने तथा मिर्जापुर चौक से ग्लोबल स्पेस तक सर्विस लेन बनाने की दिशा में भी कार्य तेजी से करने की हिदायत दी गई।

# हकृवि में प्रवेश परीक्षा कल, तैयारियां पूरी

- हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित शहर में बनाए गए हैं 17 परीक्षा केंद्र
- विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 8762 अभ्यर्थियों ने किया आवेदन

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर 4 वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोशियोलॉजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी, कॉलेज ऑफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स, मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी, बायो नैनोटेक्नोलोजी व इंडस्ट्रीयल बायोटेक्नोलोजी कोर्सिज के लिए 12 जुलाई को होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 8762 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए एचएयू सहित शहर में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में निगरानी के लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। हर उम्मीदवार की फोटोग्राफी की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलैक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड सत्यापित फोटो के साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

# कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के आवास पर हुआ हंगामा, पुलिस के साथ धक्का-मुक्की

### ऑनलाइन पोर्टल की समस्याओं पर उग्र हुए निर्माण मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रदेश में श्रम कल्याण बोर्ड के ऑनलाइन पोर्टल में आ रही तकनीकी दिक्कतों और अपनी लंबित मांगों को लेकर निर्माण मजदूरों का गुस्सा फूट पड़ा है। संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा हरियाणा के बैनर तले शुक्रवार को भारी संख्या में निर्माण मजदूर डीसी कार्यालय पर एकत्रित हुए। मजदूरों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए भाजपा के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के आवास की ओर कूच कर दिया। उपायुक्त कार्यालय से लेकर मंत्री आवास तक मजदूरों का विशाल जुलूस सरकार विरोधी नारों से गूंजता रहा। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग श्रम कल्याण बोर्ड के ऑनलाइन पोर्टल को सुचारू रूप से चालू करने और मजदूरों के हक बहाल करने की थी।

### बैरिकेड्स हटाए, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के आवास के बाहर सुरक्षा के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। जैसे ही प्रदर्शनकारी मंत्री आवास के नजदीक पहुंचे, माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस और निर्माण मजदूरों के बीच बहस और धक्का-मुक्की हुई। आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स को हटा दिया और आगे बढ़ते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### मजदूर नेताओं ने सरकार को घेरा



प्रदर्शन को संबोधित करते हुए श्रमिक नेताओं ने सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया। सभा की अध्यक्षता संयुक्त रूप से राजू बरवाला और जोरा सिंह ने की। इस दौरान भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा के राज्य अध्यक्ष मनोज सोनी, राज्य महासचिव सुखबीर, सीटू जिला अध्यक्ष कामरेड सुरेश कुमार, यूनियन के राज्य उपाध्यक्ष कश्मीर सिंह, सीटू राज्य उपाध्यक्ष सतबीर सिंह, राजू बरवाला, इंटक नेता कृष्ण नैन, जोरा सिंह, संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा के नेता आजाद मीरान, राजेश चौबारा और श्रवण सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने मजदूरों की आवाज बुलंद की।

### मांगों का ज्ञापन सौंपा

हंगामे के बीच संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के प्रतिनिधि को अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के नेताओं ने बताया कि इस आंदोलन का असर देखने को मिला है। आगामी 11 जुलाई को कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के साथ और 12 जुलाई को स्वयं मुख्यमंत्री के साथ संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल की एक उच्च स्तरीय बैठक प्रस्तावित है। इन बैठकों में निर्माण मजदूरों की इन तमाम गंभीर समस्याओं को विस्तार से रखा जाएगा और सरकार से इनके शीघ्र समाधान की मांग की जाएगी। नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पोर्टल की दिक्कतों को दूर कर मजदूरों को राहत नहीं दी गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### ये हैं मजदूरों की प्रमुख मांगें

- श्रम कल्याण बोर्ड का ऑनलाइन पोर्टल सुचारू और बिना किसी तकनीकी बाधा के संचालित किया जाए।
- जिन निर्माण मजदूरों के पंजीकरण रिजेक्ट किए गए हैं, उन्हें बहाल किया जाए।
- निर्माण मजदूरों के रुके हुए तमाम वित्तीय लाभ (बेनिफिट्स) जल्द से जल्द जारी हों।
- मजदूरों की सहायता के लिए ब्लॉक स्तर पर अधिक से अधिक हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएं।

### मारपीट व एससी/एसटी एक्ट में 4 नामजद आरोपी जांच में शामिल

## सोरखी में आरोपी को कुएं पर उल्टा लटकाकर चोरी कबूल करवाने के मामले मे पूछताछ शुरू

**नारनौंद।** सोरखी में युवक से मारपीट और एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामले की जांच हांसी पुलिस ने तेज कर दी है। डीएसपी रविंद्र सांगवान ने बताया कि मामले के चार नामजद आरोपियों दीपक, पवन, जोगिंद्र उर्फ जोगा और एक अन्य पवन को जांच में शामिल कर उनसे विस्तृत पूछताछ की गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर रस्सी से बांधकर खेत में स्थित कुएं पर उल्टा लटका दिया और चोरी कबूलने का दबाव बनाया। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर नक्शा मौका तैयार किया है। जांच में चिकित्सकीय रिकॉर्ड, डॉक्टर की राय, घटनास्थल से मिले साक्ष्य और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को भी शामिल किया गया है। डीएसपी ने कहा कि साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।




### शहर से बरसाती पानी निकासी के दावे फेल

# झमाझम बारिश, निचले इलाकों में जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार दोपहर बाद हुई झमाझम बारिश ने उमस भरी गर्मी से राहत दिलाते हुए मौसम को सुहावना बना दिया। सुबह से बादलों की आवाजाही के बाद दोपहर में शुरू हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि बारिश ने शहर की जल निकासी व्यवस्था की भी पोल खोल दी।

शहर के कई निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। मुख्य सड़कों और प्रमुख मार्गों पर भी पानी जमा होने से वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। कई स्थानों पर दोपहिया वाहन चालकों को जलभराव के बीच से गुजरना पड़ा, जबकि पैदल राहगीरों को भी काफी दिक्कत हुई।

बारिश के बाद बाजारों और सड़कों पर कुछ समय के लिए सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा। किसानों ने इस बारिश को खरीफ फसलों, विशेषकर धान, कपास और बाजरा के लिए लाभदायक बताया है। दूसरी ओर शहरवासियों का कहना है कि हर बारिश के बाद जलभराव की समस्या सामने आना नगर निगम और संबंधित विभागों की तैयारियों पर सवाल खड़े करता है।



हिसार। टाउन पार्क के पास दिल्ली रोड पर जलभराव से गुजरते वाहन।

### जानें.. कैसा रहेगा मौसम

हकृवि के मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन लाल खीचड़ ने बताया कि मानसून टर्फ की उत्तरी सीमा श्री गंगानगर, हिसार, गोरखपुर, पूर्णिया, मिजोरम तक बनी हुई है जो हिमालय की तलहटियों की तरफ बढ़ रही है। इससे हरियाणा में मानसून की गतिविधियों में 11 जुलाई के बाद कमी आने की संभावना बन रही है। हरियाणा में 15 जुलाई तक मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील रहने व बीच बीच में आंशिक बादलवाई रहने की संभावना है। इस दौरान राज्य के उत्तरी जिलों में बीच बीच में हवाओं व गरजचमक के साथ कहीं कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है परंतु दक्षिणी व पश्चिमी जिलों में कुछ एक स्थानों पर छिटपुट या हल्की बारिश की संभावना है। इस दौरान हवाओं में बदलाव की संभावना है जिससे दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी तथा वातावरण में नमी में कमी आने की संभावना है।



# म्यूजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगे आदित्य, मिलाप करेंगे निर्देशन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर आदित्य रॉय कपूर जल्द ही डायरेक्टर मिलाप जावेरी की एक नई फिल्म में नजर आने वाले हैं। यह एक्शन और बेहतरीन गानों से भरपूर एक अनोखी म्यूजिकल लव स्टोरी होगी। फिल्म निर्माता भूषण कुमार और आदित्य रॉय कपूर एक बार फिर साथ आ रहे हैं। इससे पहले दोनों आशिकी 2 और मलंग जैसी हिट फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। अब दोनों साथ में एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी करेंगे। मिलाप जावेरी और आदित्य रॉय कपूर एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। मिलाप जावेरी ने कहा कि आदित्य में प्यार और दर्द को पर्दे पर दिखाने का एक अनोखा टैलेंट है। इस फिल्म में उनका किरदार काफी गहरा और दमदार होगा, जिसे दर्शक बेहद पसंद करेंगे।

## लाइफ Style




# अंजलि

## बिना ऑडिशन धमाल 4 में हुई एंट्री

एजेंसी ⏭ मुंबई

पहले मैंने टेलीविजन पर काम किया था, इसलिए जो लोग टीवी देखते थे, वे मुझे जानते थे। फिल्म इंडस्ट्री के बहुत ज्यादा लोग मुझे नहीं जानते थे। फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने मेरे लिए यह बदल दिया। इंडस्ट्री के लोग मुझे पहचानने लगे। अब किसी को दोबारा परिचय नहीं देना पड़ता है। यह कहना है अभिनेत्री अंजलि आनंद का।

अंजलि आनंद शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्म 'धमाल 4' में कामेडी करती दिख रही हैं। धमाल 4 से जुड़ने को लेकर वह कहती है कि मुझे लगता है कि यह फिल्म मेरे हिस्से में आनी ही थी। जब मेरी डायरेक्टर इंद्र कुमार से मुलाकात हुई, तो हमने करीब ढाई घंटे तक फिल्म की बात ही नहीं की। हम उनकी पुरानी फिल्मों के बारे में बातें करते रहे। फिर उन्होंने बस इतना कहा कि बेटा, मुझे तुम्हारा आडिशन लेने की जरूरत नहीं है। तुम इस फिल्म का हिस्सा हो। मुझे लगता है कि उन्होंने फिल्मों के प्रति मेरा प्यार देखा। उन्होंने मेरा दूसरा कोई काम भी नहीं देखा था, लेकिन शुरू से ही मुझ पर भरोसा किया। अंजलि कहती हैं कि बचपन से धमाल, भागम भाग, भूल भुलैया, गोलमाल से लेकर फिर हेरा फेरी तक मैंने सारी कॉमेडी फिल्में देखी हैं। ये मेरे दोस्तों की भी पसंदीदा फिल्में हैं। उनके डायलॉग आज भी हम सबको जुबानी याद हैं। मैं तो बस उस पल का इंतजार कर रही थी, जब मुझे भी अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा और मैं यह साबित कर पाऊंगी कि मैंने इन सभी फिल्मों से बहुत कुछ सीखा है। अंजलि ने आगे कहा, 'अब उनके साथ परफार्म करने को मिल रहा है। सच कहूं तो मेरा अंदर का बच्चा बहुत खुश था। रितेश देशमुख से जब मैं पहली बार से मिली, तो मैंने उनसे कहा कि आपने जो फिल्म हे बेबी में शावर वाले सीन में गाना गाया था, उसे मैं आज तक नहीं भूल पाई हूं।

## हॉलीवुड मसाला




# ड्यून 3 में खतरनाक हुई जंग...

लॉस एंजिल्स। ड्यून 3 का आखिरकार ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो इस साइंस-फिक्शन सीरीज का आखिरी चैप्टर है। ट्रेलर में शानदार विजुअल्स और इमोशनल ड्रामा की झलक देखने को मिलती है। टिमोथी चालमेट एक बार फिर पॉल एट्राइड्स के रोल में नजर आ रहे हैं। लेकिन इस बार पॉल के सामने सबसे बड़ी चुनौती उसके नाम पर हो रही जंग के खतरनाक नतीजे हैं। ट्रेलर में वह अपनी ताकत और फैसलों के बोझ से जूझता दिख रहा है। जेंडाया भी ट्रेलर में नजर आती हैं। लेकिन, इस बार पॉल और चानी के रिश्ते में दरार साफ दिखती है। 'ड्यून पार्ट 2' के बाद दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई हैं।




# 9 साल छोटी गर्लफ्रेंड संग ब्रैड का रिश्ता कनफर्म

**नई दिल्ली।** एंजेलिना जोली से अलग होने के बाद ब्रैड पिट फिर से प्यार में पड़ चुके हैं। वह खुद से 9 साल छोटी ज्वेलरी डिजाइनर को डेट कर रहे हैं, जिनके साथ उनकी रोमांटिक फोटोज सामने आई है। दरअसल, हॉलीवुड के सुपरस्टार ब्रैड पिट इन दिनों फेमस ज्वेलरी डिजाइनर इनेस डी रेमन को डेट कर रहे हैं। दोनों करीब दो साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने अपना रिश्ता इंस्टाग्राम पर ऑफिशियल किया है। सोशल मीडिया पर ब्रैड पिट और इनेस डी रेमन की लेटेस्ट फोटोज आग लगा रही हैं। ये तस्वीरें टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की शादी के फंक्शन की हैं। इनेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ब्रैड पिट संग अपनी फोटोज को रीशेयर किया है जिसे सेलिब्रिटी हेयरस्टाइलिस्ट लौरी जानोलेटी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। हेयरस्टाइलिस्ट ने दोनों की तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'न्यूयॉर्क के एक खास पल के लिए मेरे फेवरेट लवर्स इनेस और ब्रैड पिट।'




# मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई का धुरंधर से तुलना

**नई दिल्ली।** सच्ची घटना पर आधारित एक और नई फिल्म 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसे देख यूजर्स 'धुरंधर' से तुलना कर रहे हैं। जिस तरह हमजा ने पाकिस्तान में घुसकर धज्जियां उड़ाई थीं, उसी तरह इस बार हरफन बुखारी है। कई सच्ची घटनाओं पर आधारित 'धुरंधर' के बाद अब एक और जासूसी फिल्म आ रही है, जिसमें 'धुरंधर' जैसा ही दमखम देखने को मिलने वाला है। इस फिल्म का नाम है 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ ए स्पाई' और फिल्म की कास्ट भी काफी दमदार है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो चर्चा में है। मालूम हो कि पहले 'मुखबिर' एक वेब सीरीज के तौर पर रिलीज की गई थी, पर अब फिल्म बनाकर रिलीज की जा रही है। जिस तरह 'धुरंधर' में मौत की सजा पाए जसकीरत सिंह रंगी को एक भारतीय जासूस बनाकर पाकिस्तान हमजा अली मजारी के नाम से भेजा जाता है।




# द पैराडाइज से राघव का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** फिल्म 'द पैराडाइज' में राघव जुयाल अहम भूमिका में नजर आएंगे। उनके किरदार का नाम विक्रम मालिक है। इस फिल्म में अभिनेता का नेगेटिव रोल है। शुक्रवार को राघव के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म से उनका पोस्टर रिलीज किया है। इसके साथ शुभकामनाएं दी हैं। राघव जुयाल ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसी के साथ 'द पैराडाइज' से राघव के किरदार की झलक दिखाई है। सामने आए पोस्टर में राघव जुयाल मुंह में सिगरेट दबाए धुआं के छल्ले बना रहे हैं। काला चश्मा लगा रखा है और तीखे तेवर के साथ देख रहे हैं। उनका यह लुक किसी खूंखार डॉन जैसा है। किल और बैड्स ऑफ बॉलीवुड में राघव जुयाल पहले ही अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। अब वे तेलुगु फिल्म में अपने अभिनय का जलवा दिखाएंगे। इसके लिए उन्होंने ट्रांसफॉर्मेशन किया है और अपने लुक पर काफी काम किया है।

## टीवी मसाला



# रक्तांचल 3 में बदला और वर्चस्व का खूंखार खेल, आमने-सामने विजय-वसीम

**नई दिल्ली।** पूर्वांचल में माफिया की असल कहानी पर बनी वेब सीरीज 'रक्तांचल' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। विजय सिंह और वसीम खान एक बार फिर आमने सामने हैं। इस बार बात सिर्फ बदले की नहीं है, बल्कि राजनीति के बदलते समीकरण और धोखेबाजी की भी है। रितम श्रीवास्तव के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 16 जुलाई से स्ट्रीम होगी। कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है। समय ने बहुत कुछ छीना है हमसे, अब क्रोध भी नहीं है, सिर्फ एक आग है... ''रक्तांचल' सीजन 3' का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया है और पहले ही कुछ सेकेंड में विजय सिंह के किरदार का यह डायलॉग टोन सेट कर देता है। सच्ची घटनाओं पर आधारित इस वेब सीरीज का करीब दो मिनट का यह ट्रेलर हमें पूर्वांचल के उस खूंखार इलाके में वापस ले जाता है, जहां विजय सिंह और वसीम खान की पुरानी दुश्मनी, दबी हुई नफरत और सत्ता के नए खेल एक बार फिर भड़कने को तैयार हैं। कहानी पूर्वी उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल इलाके के दो मशहूर माफिया की 1980 के दशक की असल घटनाओं से प्रेरित है। सीरीज में क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर लीड रोल में हैं। जब 2020 में इसका पहला सीजन और फिर 2022 में दूसरा सीजन रिलीज हुआ था, तब इस सीरीज की हिंसक और राजनीतिक दुनिया ने दर्शकों का ध्यान खींचा था। अब तीसरे सीजन में बात वर्चस्व से आगे बढ़कर बदले की है।

## हिना और रुबिना का नया टॉक शो हुआ ट्रोल

**नई दिल्ली।** टीवी के चर्चित सितारे भी अक्सर विवादों का हिस्सा बनते हैं। हाल ही में टीवी सेलेब्स से जुड़ी कुछ कंट्रोवर्सीज पर रुबिना दिलैक और हिना खान ने अपने नए टॉक शो में बात की। यह बातचीत फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को



नहीं पसंद आई। इस वजह से दोनों एक्ट्रेसेस को ट्रोल भी किया गया है। रुबिना दिलैक ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपने नए शो 'पीओवी' का एक वीडियो शेयर किया। इसमें रुबिना के पति और एक्टर अभिनव शुक्ला भी नजर आए। साथ ही हिना खान और उनके पति रॉकी भी मौजूद दिखे। यह चारों शिल्पा शिंदे और आकांक्षा चमोला जैसी टीवी एक्ट्रेसेस की पिछली कंट्रोवर्सी पर चर्चा कर रही थीं। दोनों को लेकर अपने विचार जाहिर कर रही थीं। जब फैंस ने हिना खान और रुबिना के टॉक शो का वीडियो देखा तो उन्होंने खरी-खोटी सुना दी। दरअसल, यह दोनों ही टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेसेस हैं, दोनों की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इन्हें इस तरह से दूसरों एक्टर्स की कंट्रोवर्सी पर बात करते देख, फैंस को अच्छा नहीं लगा। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इन्हें खूब ट्रोल किया।

# सिलक्यारा टनल हादसे पर बनेगी फिल्म, कबीर होंगे निर्देशक



**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस, माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और कबीर खान फिल्म्स ने नई फिल्म 'सिलक्यारा 41' का ऐलान किया है। अपकमिंग फिल्म भारत के उत्तराखंड में मौजूद सिलक्यारा टनल में हुए अद्भुत बचाव अभियान पर आधारित होगी। इस अभियान में विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया) के स्थानीय हीरो और दुनिया भर में मशहूर टनलिंग एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स ने शानदार काम किया था। इस फिल्म को अवॉर्ड जीतने वाले भारतीय फिल्ममेकर कबीर खान डायरेक्ट करेंगे। इसे मशहूर ऑस्ट्रेलियाई स्क्रीनराइटर एंड्रयू एनास्टासियोस (द वॉटर डिवाइनर) ने लिखा है। यह फिल्म भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक रोमांचक साझेदारी को दिखाएगी। फिल्म के बारे में बात मेकर्स ने बताया 'हमें माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और आमिर खान प्रोडक्शंस के बीच इस अहम सहयोग की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। सिलक्यारा टनल बचाव अभियान की कहानी ने मुझे गहराई से प्रभावित किया है। यह नामुमकिन हालात में हिम्मत, मजबूती, सूझ-बूझ और इंसानियत की कहानी है। हमें इस ऐतिहासिक दिन पर इसकी घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अपने आपसी रिश्तों में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं।' ऐसे समय में जब दोनों देशों के नेता और प्रतिनिधिमंडल रिश्तों को मजबूत करने और आपसी सहयोग के नए दौर की शुरुआत करने के लिए मिल रहे हैं।

# राजेश ने माचिस से शुरू किया कॅरियर परिणीता फिल्म से मिली शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीलुड और बंगाली फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेता राजेश शर्मा इन दिनों चर्चा में हैं। खबर है कि वह हैदराबाद में प्रभास की अपकमिंग फिल्म 'फौजी' की शूटिंग में बिजी थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजेश शर्मा कई दशकों से इंडस्ट्री में हैं। फिल्मों और टीवी शो में काम करने वाले इस स्टार ने कई हिट प्रोजेक्ट्स में काम किया है। उनका जन्म 8 अक्टूबर 1970 को लुधियाना, पंजाब में हुआ था। उन्हें कम उम्र में ही एक्टिंग का शौक हो गया था। इसी वजह से उन्होंने नई दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में ट्रेनिंग ली। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। एक एक्टर के तौर पर उनकी पहली फिल्म 1996 में आई 'माचिस' थी। उन्होंने कई बंगाली फिल्मों



में काम किया, जिसके बाद 2003 में 'परिणीता' फिल्म से शोहरत मिली। तब से, उन्होंने कई बड़े बजट की फिल्मों में काम किया है और भारतीय सिनेमा में लगातार सक्रिय रहे हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभा कर अपने फैंस का दिल जीता है।

### कीड़े काटने से बीमार

प्रभास की आने वाली फ़िल्म की शूटिंग के दौरान कथित तौर पर कीड़े के काटने से बीमार पड़े लोकप्रिय बंगाली अभिनेता राजेश शर्मा अब भी डॉक्टरों की निगरानी में हैं। फ़िलहाल वह ख़तरे से बाहर हैं और डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं।

### इन बड़ी फिल्मों में किया काम

राजेश शर्मा की बेहतरीन फिल्मों में भूल भुलैया 3, पीकू, खोसला का घोसला, द डर्टी पिक्चर, टॉयलेटः एक प्रेम कथा, तनु वेड्स मनु' और कई अन्य शामिल हैं। उन्हें स्पेशल 26 और एम.एस. धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी से खासा पहचान मिली। राजेश शर्मा ने साल 2005 में बंगाली अभिनेत्री सुदीप्ता चक्रवर्ती के साथ शादी की थी।

## रिलीज होते ही रच दिया था इतिहास, आज भी किया जाता है पसंद


# लाइटर को जलाते हुए बना किशोर कुमार का ब्लॉकबस्टर गाना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिल्मों में जितनी अहम स्टोरी होती है, उतना ही उसके गानें। आज हम आपको किशोर कुमार के एक गाने के बारे में बताते हैं। इस गाने को किशोर कुमार की आवाज, आर डी बर्मन के म्यूजिक और आनंद बख्शी के लिरिक्स ने सुपरहिट बना दिया था। इतना ही नहीं आप हैरान हो जाएंगे कि इस गाने का सिगरेट जलाते हुए लाइटर से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा है।

### लाइटर जलाने से जुड़ा गाने को लेकर किस्सा

इस गाने को लेकर विशाल ददलानी ने बताया था। उन्होंने एक रिएलिटी शो के दौरान कहा था कि पंचम दा सारी रात काम करके उन्होंने गाना बनाया था। जब धुन बनकर तैयार हो गई तो उन्होंने फिर इसे आनंद बख्शी को दिया ताकि वो इसके लिरिक्स लिख सकें। उस समय अब बारिश का मौसम था। आनंद बख्शी रात में घर जा रहे थे और रास्ते में वह सिगरेट जलाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन बारिश की वजह से उनका लाइटर जल नहीं रहा था और बार-बार वो बुझ रहा था। तभी उनके दिमाग में एक लाइन आई कि चिंगारी कोई भड़के तो सावन उसे बुझाए। बस इसी के बाद उन्होंने गानों की शुरुआत की।



### कौनसा था वो गाना

*हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है चिंगारी कोई भड़के। यह गाना फिल्म अमर प्रेम का है जिसमें राजेश खन्ना, शर्मिला टैगौर, विनोद मेहरा अहम किरदार में थे। अब आपको बताते हैं इस गाने से जुड़ा दिलचस्प किस्सा।*

### बख्शी साहब ने अमर बना दिया गाना

विशाल ने फिर कहा था, 'असली कलाकार वही होते हैं जो जिंदगी की साधारण घटनाओं को इतना खूबसूरत बना दें कि वो हमेशा के लिए लोगों के दिल में बस जाए। एक आम इंसान शायद इस घटना को नजरअंदाज कर देता, लेकिन बख्शी साहब जैसे गीतकार ने उस मोमेंट को उन लाइन से गाने को अमर बना दिया।'यह गाना काफी सुपरहिट हुआ था और आज भी इस गाने को काफी पसंद किया जाता है।

### आरडी बर्मन ने की थी खूब मेहनत

आईएमडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक आर डी बर्मन इस फिल्म के दौरान अपने कमरे में जाते और सुबह 9 बजे से लेकर रात के 9 बजे तक काम करते थे। वहीं, इस फिल्म का दूसरा गाना ये क्या हुआ, कैसे हुआ 1970 में आई बंगाली फिल्म राजकुमारी का पूरा कॉपी था जो था ये कि होलो। इस गाने को किशोर कुमार ने गाया था और म्यूजिक आर डी बर्मन ने दिया था।

### बंगाली डायरेक्टर ने इंग्लिश में लिखी थी स्क्रिप्ट

बंगाली राइटर और डायरेक्टर अरविंद मुखर्जी को हिंदी नहीं आती थी इसलिए उन्होंने अमर प्रेम की स्क्रिप्ट इंग्लिश में लिखी थी। इसके बाद राइटर रमेश पंद ने उसे पूरा हिंदी में ट्रांसलेट किया, सिर्फ एक लाइन को छोड़कर पुष्पा आई हेट टियर्स।

## खबर संक्षेप

### राजेन्द्र आप की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य निर्वाचित

**हांसी।** आम आदमी पार्टी के हांसी जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी को पार्टी के प्रति पूर्ण निष्ठा, मेहनत व पार्टी के उत्थान के लिये कार्य करने पर राष्ट्रीय परिषद में जगह दी गई है।



राजेन्द्र सोरखी के समर्थकों ने उन्हें बधाई दी है। राजेन्द्र सोरखी ने उन्हें पार्टी की राष्ट्रीय परिषद का निर्विरोध सदस्य चुने जाने पर पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल व शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया है। पार्टी की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि पार्टी ने जनता की सेवा के लिये नई जिम्मेदारी दी है। वे इस पर खरा उतरने के लिये पूर्व की भांति जी-जान से कार्य करेंगे तथा पार्टी को शिखर पर ले जाने के लिये पुरजोर कौशिश करेंगे। जल्द ही पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठकें बुलाकर पार्टी को और मजबूत बनाने की दिशा में कारगर योजना पर काम किया जाएगा।

### अवैध शराब और हथियार रखने का युवक गिरफ्तार

**हिसार।** अर्बन एस्टेट पुलिस ने अवैध शराब और अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच कर रहे सहायक उप निरीक्षक यशपाल के अनुसार पुलिस टीम ने डोगरान मोहल्ला निवासी मनोज को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाना अर्बन एस्टेट में दर्ज मामले में नियमानुसार कार्रवाई की गई।

### अग्रोहा में 12 को होगी गोपुत्र दल की बैठक

**हिसार।** अग्रोहा क्षेत्र के गांव कुलेरी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर धर्मशाला में गौपुत्र दल ट्रस्ट की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से ट्रस्ट के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। बैठक में गौपुत्र सुनील क्रांतिकारी को अध्यक्ष, विकास योगी को उपाध्यक्ष, पवन महता को सचिव तथा अमनदीप को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में सचिव पवन महता ने बताया कि गौपुत्र दल की पहली राष्ट्रीय बैठक 12 जुलाई को अग्रोहा में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में देशभर से संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक के दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विस्तार, संगठन को मजबूत करने की रणनीति तथा गौसेवा, मानव सेवा एवं राष्ट्र सेवा के लिए आगामी कार्ययोजना पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

### मोक्ष वृद्ध आश्रम में किया लंगर वितरण

**हिसार।** लायंस क्लब हिसार सेंट्रल द्वारा समाज सेवा की अपनी गौरवशाली परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाते हुए आज अत्यंत भावपूर्ण और अनुकरणीय सेवा कार्य का आयोजन किया गया। क्लब के पूर्व कोषाध्यक्ष राजकुमार छाबड़ा के पिता रामभक्त छाबड़ा की पुणयातिथि के अवसर पर कैमरी रोड़ स्थित मोक्ष वृद्ध आश्रम में लंगर वितरण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए क्लब के अध्यक्ष संजय तनेजा ने कहा कि माता-पिता की स्मृति में की गई सेवा ही सच्ची श्रद्धांजलि होती है। कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र अरोड़ा, प्रोजेक्ट चेयरमैन व पूर्व कोषाध्यक्ष राजकुमार छाबड़ा, वरिष्ठ सदस्य सुरेन्द्र छिंदा, राजकुमार माटा, नीरज वर्मा, शम्मी नागपाल आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम राजेश खोथ ने बीएलए-2 की ली बैठक

# मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिहित बनाने के निर्देश



हांसी। बीएलओ व बीएल की बैठक को संबोधित करते एसडीएम राजेश खोथ।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

एसडी कॉलेज में एसडीएम राजेश खोथ की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2026 के तहत शुक्रवार को बीएलए-2 की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, त्रुटिरहित, पारदर्शी एवं अद्यतन बनाने की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से लागू करना तथा बीएलए-2 की भूमिका को और अधिक सक्रिय एवं जवाबदेह बनाना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम राजेश खोथ ने निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित विशेष शिविरों के दौरान सभी बीएलए-2 संबंधित मतदान केंद्रों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, ताकि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन से संबंधित दावों एवं आपत्तियों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निपटारा सुनिश्चित किया जा सके। एसडीएम ने कहा कि बीएलए-2 घर-घर जाकर सर्वेक्षण के माध्यम से ऐसे मतदाताओं की पहचान करने में सहयोग करें, जो लंबे समय से अनुपस्थित हैं, स्थायी रूप से अन्य स्थान पर स्थानांतरित हो चुके हैं, जिनका निधन हो चुका है अथवा जिनके नाम मतदाता सूची में दोहराव (डुप्लीकेट) के रूप में दर्ज हैं। उन्होंने सभी बीएलए-2 को निर्देश दिए कि एएसडीडी सूची का गंभीरता एवं तथ्यात्मक आधार पर सत्यापन सुनिश्चित करें।

### एसआईआर को लेकर अधिकारियों व पार्टियों से चर्चा

**नारनौंद।** एसआईआर को लेकर शुक्रवार को उपमंडल परिसर में एसडीएम विकास यादव ने सभी राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों से एक बैठक की। एसआईआर को लेकर वर्तमान में कैसा कार्य हो रहा हैं। इस काम में कहीं कोई खामी न रह जाए, इसी को लेकर एसडीएम विकास यादव ने पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक कर उनके सुझाव लिए। उन्होंने बताया कि गैर हाजिर, शिफ्टिंग, मृत्यु, डबल वोट के वोट किस आधार पर कटने है। इसको लेकर बीएलओ ने हर बूथ पर जाकर सर्वे किया है। अगर किसी की इस लिस्ट में नाम आ गया है तो उसका वोट काट जाएगा वो 14 जुलाई तक अपने बीएलओ टू से मिलकर ठीक करवा सकता है। 14 जुलाई की शाम को एएसडीडी लिस्ट को फाइनल कर दिया जाएगा। इससे पहले भी पांच जुलाई को इस लिस्ट को लेकर ड्राफ्ट लिस्ट बनाई गई थी और उसकी समीक्षा की गई थी।

## शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं

# कम्पोजिट स्कोर 70 को सुधारने के लिए अधिकारियों को दी चेतावनी

सीएम विंडो पर लंबित शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

उपायुक्त महेंद्र पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सीएम विंडो पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का तथ्यों के आधार पर गंभीरता से परीक्षण किया जाए तथा निर्धारित समयावधि के भीतर उसका समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। शिकायतों का निपटारा करते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतकर्ता को संतोषजनक एवं तथ्यात्मक उत्तर उपलब्ध कराया जाए। हरियाणा सरकार के मानव संसाधन विभाग तथा सामान्य प्रशासन विभाग के आयुक्त एवं सचिव मुख्य कार्यकारी अधिकारी फूल चंद मीणा की अध्यक्षता में शुक्रवार को सीएम विंडो की साप्ताहिक समीक्षा बैठक के उपरांत उन्होंने जिले के विभागाध्यक्षों को यह बात कही। बैठक में सीएम विंडो पर लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एडीसी शालिनी चेतल, एसडीएम ज्योति आदि मौजूद रहे।



हिसार। वीसी के दौरान मौजूद उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो : हरिभूमि

### कम्पोजिट स्कोर 70 पर जताई चिंता

उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा कि सीएम विंडों के समाधान के लिए स्थापित पोर्टल पर हिसार का ऑवर ऑल कम्पोजिट स्कोर 70 है, इसे बढ़ाने की दिशा में सभी अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी विभागाध्यक्ष ने शिकायतों को अंडरटेक करने में लापरवाही की तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करें

मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो तथा शासन-प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत हो। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए उनका शीघ्र निस्तारण करें। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित लंबित शिकायतों की स्थिति से अवगत कराया।

### डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री टीम ने लगाया दंत जांच कैंप




हिसार। दांत की जांच करती डॉ. दिव्यंका।

**हिसार।** स्माइल फॉर यूथ कार्यक्रम के तहत डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री टीम ने टेलमोस ऑटोमोबाइल में निशुल्क डेंटल चैकअप एवं जागरुकता कैंप लगाया। कैंप में डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री की टीम से डॉ. दिव्यंका और तनुज मित्तल ने कंपनी के कर्मचारियों को अपनी चिकित्सा सेवाएं दी। टीम ने करीब 100 कर्मचारियों के मौखिक स्वास्थ्य की जांच की। इनमें कुछ कर्मचारियों के दांतों का एआई रोबोट मशीन से परीक्षण किया गया। एआई डेंटल मशीन से मुंह की जांच कर दांतों की समस्या के बारे में उन्हें बताया गया। एचआर कुलदीप शर्मा ने टीम का धन्यवाद किया। दंत चिकित्सक टीम ने टुथब्रशिंग का सही तरीका बताया और अपने दांतों को स्वस्थ रखने के टिप्स भी दिए।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को लेकर महिलाओं को दिलाई शपथ

**नारनौंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग की और से गांव खेड़ी लोहचब में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ओर कम लिंगानुपात को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास की सुपरवाइजर सुनीता दुहन ने किया। उन्हें महिलाओं को बेटी बचाने और पढ़ाने की शपथ भी दिलाई। बताया कि आज के समय बेटियां हर क्षेत्र में कार्य कर रही है और देश का गौरव बढ़ाने का काम भी कर रही है। इसलिए हमें बेटियों को बचाना होगा और उन्हें ज्यादा से ज्यादा शिक्षित भी करना होगा क्योंकि एक बेटी दो घरों को संवार सकती है। कम लिंगानुपात पर महिलाओं तथा वर्कर हेल्पर द्वारा रैली का आयोजन भी सभी महिलाओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रोशनी, कान्ता, शीला, कैलाशो देवी आदि मौजूद थी।



नारनौंद। गांव खेड़ी लोहचब में महिलाओं को शपथ दिलाती सुपरवाइजर सुनीता दुहन। *फोटो : हरिभूमि*

### स्वच्छता नियम तोड़ने पर 8 के चालान

**हिसार।** नगर निगम ने स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।निरीक्षण के दौरान एएसआई राहुल सैनी व एएसआई राहुल पंवार ने जहाज पुल के नजदीक एक धर्मशाला के कर्मचारी द्वारा खुले में कचरा डालने पर 5 हजार रूपये का चालान किया। वहीं डबल फाटक रोड पर एक कम्पनी के द्वारा खुले में कचरा डालने पर 5 हजार रुपये का चालान किया गया। इसके अलावा इन दोनों स्थानों पर एक-एक दुकान के द्वारा खुले में कचरा डालने पर 500-500 रूपये के चालान किए गए। इसके अलावा एएसआई विजेता ने 3 दुकानदारों के रेड स्क्वेयर मार्केट में और एक दुकानदार का कटला रामलीला में चालान किए।

### नए कार्यालय का शुभारंभ 13 को

**हांसी।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा नए कार्यालय का शुभारंभ 13 जुलाई को प्रातः 10 बजे किया जाएगा। यह कार्यक्रम खंड विकास एवं पंचायत विभाग परिसर, हांसी में आयोजित होगा। कार्यक्रम में हांसी के विधायक विनोद भयाना बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे, जबकि जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त राहुल नरवाल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर जिले के प्रशासनिक अधिकारी, रेडक्रॉस पदाधिकारी, समाजसेवी तथा शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव रविंद्र कुमार लोहान ने बताया कि कार्यालय के माध्यम से जरूरतमंदों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी तथा रक्तदान, स्वास्थ्य जागरूकता, आपदा राहत, प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण, दिव्यांग एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता सहित विभिन्न मानवीय सेवाओं का संचालन अधिक सुव्यवस्थित ढंग से किया जा सकेगा।

## नियमित स्वच्छता अभियान चलाने पर दिया विशेष जोर

**हिसार।** नगर निगम के मुख्य सभागार में सभी वार्डों की वार्ड कमेटियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी वार्डों के चेयरमैन, सदस्य सचिव, सदस्यों, पार्षदों तथा नगर निगम अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में वार्ड कमेटियों की कार्यप्रणाली, नियमित बैठकों के उद्देश्य, जनभागीदारी को सशक्त बनाने तथा वार्ड स्तर के विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का आयोजन अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण एवं सीएमजीजीए अमोल मधुकर द्वारा किया गया। अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण ने कहा कि वार्ड कमेटियां अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुसार स्वच्छता, सड़क, पेयजल, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य विकास कार्यों से जुड़े प्रस्ताव तैयार कर लिखित रूप में नगर निगम के माध्यम से सरकार तक भेजें। साथ ही प्रत्येक वार्ड में नियमित स्वच्छता अभियान चलाने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शहरी निकायों में वार्ड कमेटियों को और अधिक सक्रिय एवं प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए बेस्ट वार्ड कमेटी अवॉर्ड पहल शुरू की जाएगी। उत्कृष्ट कार्य करने वाली वार्ड कमेटियों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद मोहित सिंघल, डॉ. सुमन यादव, हरिसिंह सैनी, रवि सैनी, राजेश अरोड़ा, संजय डालमिया, सत्यवान पानू, मनोहर लाल एवं जगमोहन मित्तल सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।




हिसार। बैठक में वार्ड कमेटियों के साथ चर्चा करते निगम अधिकारी।



हांसी। प्राथमिक उपचार के बारे में जानकारी देती सातवीं कक्षा की छात्रा हिमांशी।

### आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में जागरूकता कार्यक्रम

**हांसी।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में विश्व जनसंख्या दिवस, नशा एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस तथा प्राथमिक उपचार के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने स्किट, नाटक, भाषण और कविताओं के माध्यम से बढ़ती जनसंख्या की चुनौतियों, नशे के दुष्प्रभाव तथा आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार की आवश्यकता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी को सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नितीश मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, मानवीय संवेदनाओं और सकारात्मक सोच का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने, जनसंख्या संबंधी जागरूकता फैलाने तथा प्राथमिक उपचार का ज्ञान प्राप्त कर जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।

### पांच साल से फरार गोवंश तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

- 2020 में ट्रक में क्रूरतापूर्वक भरे मिले थे गोवंश

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने वर्ष 2020 के गोवंश तस्करी मामले में करीब पांच वर्षों से फरार चल रहे आरोपी मोहम्मद शोएब निवासी गांव जोली जिला मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को अदालत के आदेशानुसार जांच में शामिल किया गया। पूछताछ के दौरान पुलिस ने उससे मामले के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और उसकी निशानदेही पर घटनास्थल की तस्दीक करवाई। पुलिस चौकी किला बाजार प्रभारी एएसआई मुनीश ने बताया कि वर्ष 2020 में शहर थाना हांसी में हरियाणा गोवंश संरक्षण एवं गोसंवर्धन अधिनियम, 2015 तथा पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। बरवाला बाईपास राष्ट्रीय राजमार्ग पर गौरक्षक दल से सूचना मिलने पर पुलिस ने गोवंश से भरे एक ट्रक को रोकने का प्रयास किया था, लेकिन चालक और उसका साथी मौके से फरार हो गए थे। उन्होंने बताया कि ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें बड़ी संख्या में गोवंश क्रूरतापूर्वक भरे हुए मिले, जिन्हें सुरक्षित मुक्त कराया गया। जांच के दौरान वाहन मालिक सहित अन्य आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई। मामले में एक आरोपी पहले से न्यायिक हिरासत में है, जबकि अन्य आरोपियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा चुकी है। फरार आरोपी मोहम्मद शोएब की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी।

## हिसार और हांसी में 98.20 फीसद गणना प्रपत्र वितरित

- बीएलओ घर-घर पहुंचकर कर रहे हैं कार्य : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत हिसार जिले में मतदाता गणना प्रपत्रों के वितरण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य तेजी से जारी है।

एडीसी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शालिनी चेतल ने बताया कि शुक्रवार दोपहर तक हिसार व हांसी जिले में कुल 13,70,766 मतदाताओं में से 13,46,066 मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं, जो कुल मतदाताओं का 98.20 प्रतिशत है। वहीं 10,36,432 गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन भी पूरा किया जा चुका है, जो कुल मतदाताओं का 75.61 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और निर्धारित प्रपत्र भरवाने के साथ-साथ उन्हें डिजिटाइज भी किया जा रहा है। नारनौंद विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 99.87 प्रतिशत गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं, जबकि बरवाला में 99.77 प्रतिशत, नलवा में 98.88 प्रतिशत, आदमपुर में 98.52 प्रतिशत, उकलाना में 98.45 प्रतिशत, हांसी में 97.76 प्रतिशत तथा हिसार विधानसभा क्षेत्र में 93.89 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि डिजिटाइजेशन कार्य में भी तेजी लाई जा रही है। नारनौंद विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 84.07 प्रतिशत गणना प्रपत्र डिजिटाइज किए जा चुके हैं।

### भारत विकास परिषद का पौध रोपण और गो-सेवा कार्यक्रम

**आदमपुर।** भारत विकास परिषद् के 64वें स्थापना दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद्, शाखा आदमपुर द्वारा श्री कृष्ण गोशाला, भादरा रोड में पौधारोपण एवं गौ-सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाखा अध्यक्ष एडवोकेट अनिल गोयल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान परिषद् सदस्यों ने गौशाला परिसर में छायादार एवं फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया। इस मौके पर शाखा सचिव एडवोकेट दीपक गोयल, रजनीश गर्ग, डॉ. मनोज, एडवोकेट अनिल गोयल, कृष्ण दत्त धमीजा, मुकेश राजन भूटानी, विनोद गोयल, संदीप गोयल, राजेंद्र भारती, मास्टर दिनेश गर्ग, डॉ. जय प्रकाश, मनोज बंसल, महेश विनोचा, महेश सिंगला सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### अवैध शराब तस्करों पर पुलिस का शिकंजा

**हिसार।** सदर क्षेत्र के गांव पीरावाली में अवैध शराब के निर्माण और तस्करी के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में स्वेट टीम-2 ने कार्रवाई करते हुए रेलवे लाइन के समीप खाली स्थान से बड़ी मात्रा में कच्चा लाहन बरामद किया, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा बनीं माता अमृता देवी

- खेजड़ली की धरती पर 363 बिश्नोइयों ने पेड़ों की रक्षा के लिए न्योछावर किए थे प्राण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



वीसी, प्रो. नरसी राम बिश्नोई



माता अमृता देवी बिश्नोई भारतीय पर्यावरण संरक्षण के इतिहास की महान प्रेरणा मानी जाती हैं। वर्ष 1730 में राजस्थान के जोधपुर रियासत के खेजड़ली गांव में उन्होंने खेजड़ी वृक्षों को बचाने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। जब तत्कालीन शासक के आदेश पर वृक्षों की कटाई की जा रही थी, तब माता अमृता देवी ने प्रसिद्ध संदेश दिया-'सर साटे रूंख रहे तो भी सस्तो जाण।' अर्थात यदि वृक्ष बचाने के लिए सिर भी कट जाए तो यह सौदा सस्ता है। तीन पुत्रियों सहित कुल 363 बिश्नोई स्त्री-पुरुषों ने वृक्षों की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। यह घटना विश्व के प्रथम संगठित पर्यावरण संरक्षण आंदोलनों में गिनी जाती है तथा बाद में उत्तराखंड के प्रसिद्ध चिपको आंदोलन सहित अनेक पर्यावरण आंदोलनों के लिए प्रेरणा बनी।

## पिता की याद में 15 साल से पौधे लगा रहे डॉ. अजय लोहान

# पुण्यतिथि पर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

*डीईओ ने कहा- मुहिम को जिले के सरकारी स्कूलों तक पहुंचाने का किया जाएगा प्रयास*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद



नारनौंद। स्कूल में पौधरोपण करते एडीईओ महेंद्र सिंह श्योरान व अन्य।

स्वर्गीय हेडमास्टर रामनिवास लोहान की 15वीं पुण्यतिथि पर उनके पुत्र एवं शिक्षाविद् डॉ. अजय लोहान की पहल पर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नारनौंद में पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर डीईओ महेंद्र सिंह श्योरान, बीईओ देवेन्द्र मलिक, जनप्रतिनिधियों, विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थियों ने पीपल, बरगद और नीम की त्रिवेणी लगाकर स्वर्गीय रामनिवास लोहान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह श्योराण ने कहा कि डॉ. अजय लोहान पिछले 15 वर्षों से अपने पिता की स्मृति में लगातार पौधारोपण जैसा प्रेरणादायक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने घोषणा की कि इस मुहिम को पूरे हांसी जिले के सरकारी विद्यालयों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी पर्यावरण संरक्षण से जुड़ सकें। खंड शिक्षा अधिकारी जोगिंद्र मलिक ने कहा कि वास्तविक शिक्षा वही है जो बच्चों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव पैदा करे। इस अवसर पर स्वर्गीय हेडमास्टर रामनिवास लोहान के पुत्र डाक्टर अजय लोहान ने कहा कि पिछले 15 वर्षों से लगातार चल रहा है।

### एसडी मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थियों ने किया जैन मंदिर का भ्रमण

**हांसी।** एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत शुक्रवार को जैन मंदिर का दौरा किया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को जैन धर्म के मूल सिद्धांतों और भारतीय संस्कृति से जोड़ना था। मंदिर पहुंचने पर विद्यार्थियों ने अहिंसा, सत्य, संयम एवं करुणा के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। मंदिर प्रबंधकों ने बच्चों को जैन तीर्थंकरों के जीवन, मंदिर की भव्य वास्तुकला और धार्मिक परंपराओं के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों ने पूरे भ्रमण के दौरान अनुशासन और श्रद्धा के साथ मंदिर का अवलोकन किया। भ्रमण के अंत में सभी विद्यार्थियों ने स्वच्छता, सद्भाव और अहिंसा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन प्राइमरी विंग की कोऑर्डिनेटर शिवानी श्रीवास्तव तथा शिक्षकों चिराग, ज्योति एवं सिमरन के मार्गदर्शन में किया गया। विद्यालय प्राचार्या ऋतु सिंह ने कहा कि जैन मंदिर का यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है।



हांसी। जैन मंदिर का भ्रमण करते एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।

## खबर संक्षेप

### रेड स्क्वेयर मार्केट से चोरी हुई बाइक बरामद

**हिसार।** सीआईए मिल गेट ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली है। सीआईए मिलगेट प्रभारी सब इंस्पेक्टर संजीव कुमार के अनुसार इस संबंध में 5 मई को गांव डाबड़ा निवासी दीपक कुमार की शिकायत पर थाना एचटीएम में रेड स्क्वेयर मार्केट से मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने बालसमंद निवासी मोहित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है।

### सरेआम सट्टा खाईवाली करते एक आरोपी काबू

**हांसी।** सीआईए-1 हांसी ने सट्टा खाईवाली करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12,400 नकद, सट्टा पर्चियां और एक पेन बरामद किया है। जांच अधिकारी एएसआई राजेंद्र ने बताया कि सीआईए-1 की टीम गश्त एवं अपराध रोकथाम के दौरान सूचना मिली थी कि दयाल सिंह कॉलोनी निवासी विकास उर्फ काला सैनीपुरा बाईपास फ्लाईओवर के पास सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिस ने 13 गुमशुदा मोबाइल मालिकों को लौटाए

**हिसार।** जिला पुलिस की साइबर सुरक्षा शाखा ने गुम हुए मोबाइल फोन तलाशने के अभियान में सफलता हासिल करते हुए लाखों रुपये मूल्य के 13 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। अपने खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पुलिस व पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन का आभार जताया। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने अपने कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बरामद मोबाइल फोन उनके असली मालिकों के सुपुर्द किए।

### अवैध शराब सहित युवक को पकड़ा, मामला दर्ज

**नारनौंद।** पुलिस चौकी मिर्चपुर की टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। पीएसआई खेता राम ने बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं अपराध की रोकथाम के दौरान बस अड्डा मिर्चपुर क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि विकास निवासी मिर्चपुर अपने घर के पास अवैध रूप से शराब बेचने का कार्य करता है तथा शराब लेकर आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी। मौके पर एक युवक सफेद रंग का कट्टा लेकर आता दिखाई दिया। टीम ने उसे काबू कर लिया।

### लंबे समय से फरार उद्घोषित अपराधी काबू

**हिसार।** शहर पुलिस ने लंबे समय से फरार एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी न्यायालय द्वारा उद्घोषित अपराधी घोषित किया जा चुका था और काफी समय से कानून की गिरफ्त से बचने का प्रयास कर रहा था। शहर थाना में तैनात सहायक उप निरीक्षक कांता के अनुसार पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बरवाला के वार्ड 10 निवासी सोनू उर्फ कालू को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ शहर थाना में 17 सितंबर 2022 को दर्ज मुकदमे के संबंध में कार्रवाई की गई।

## राज्य कार्यकारिणी से हुई बातचीत के बाद फैसला, हिसार में धरना स्थगित

# मांगें मानने के बाद रोडवेज कर्मियों ने वापस ली हड़ताल

**एसडीएम व अन्य अधिकारियों की मध्यस्थता से सुलझा विवाद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राज्य परिवहन के हिसार डिपो में चल रहे धरने के 58वें दिन कर्मचारियों ने शुक्रवार सुबह से चक्का जाम कर दिया। हिसार डिपो व हांसी सब डिपो में हुए चक्का जाम के चलते दोनों जगहों से किसी भी बस का संचालन नहीं हुआ। बाहर से आने वाली बसें भी डिपो में आती गई और रूकती रही। हालांकि निजी बसों व अन्य डिपुओं की बसों का संचालन सामान्य रहने के कारण यात्रियों को कोई खास परेशानी नहीं हुई। दोपहर बाद एसडीएम ज्योति मित्तल व अन्य अधिकारियों की मध्यस्थता से विवाद का समाधान हुआ और हड़ताल वापिस ले ली गई। सांझा संघर्ष समिति ने हड़ताल वापिस लेते हुए बची हुई मांगे पूरी करने के लिए 25 जुलाई तक का समय देते हुए डिपो में चल रहा धरना भी स्थगित कर दिया है। रोडवेज कर्मचारियों की हड़ताल के चलते दोपहर को एसडीएम ज्योति मित्तल, यातायात प्रबंधक प्रीतम कुमार, खंड विकास अधिकारी एवं अन्य अधिकारी बातचीत के लिए पहुंचे।



हिसार। धरना स्थल पर मांगे मानने की घोषणा के अवसर पर उपस्थित एसडीएम, अन्य अधिकारी व यूनियन पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### हिसार डिपो में 260 बसों का चक्का जाम

रोडवेज कर्मचारियों की हड़ताल के चलते हिसार डिपो की लगभग 260 बसों का चक्का पूरी तरह से जाम रहा। डिपो से कोई बस नहीं निकली वहीं बाहर से आने वाली बसें डिपो में आकर रुक गई। इसके चलते डिपो में कर्मचारियों की दृढ़ता से पूरी तरह से चक्का जाम रहा।

इस दौरान डिपो में पुलिस बल भी तैनात रहा। डिपो स्तरीय सांझा संघर्ष समिति से गुरुवार रात को ही वार्ता असफल हो गई थी, जिसके चलते राज्य स्तरीय पदाधिकारी भी हिसार पहुंच चुके थे। राज्य स्तरीय पदाधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों के बीच दो घंटे से अधिक समय तक चली बातचीत के बाद मांगों पर सहमति बनी। इसके तहत फिलहाल डिपो को मिले बजट में से कर्मचारियों के खाते में तुरंत प्रभाव से पैसे आने शुरू हो गई। इसके साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि नाइट भत्ता, मेडिकल बिल, एलटीसी सहित अन्य मांगों पर प्राथमिकता के आधार पर न केवल कार्रवाई होगी, बल्कि उन्हें पूरा किया जाएगा। अधिकारियों ने यह भी कहा कि 25 जुलाई तक सांझा संघर्ष समिति के मांग पत्र की बची हुई मांगों को पूरा कर दिया जाएगा। एसडीएम व अन्य अधिकारियों ने कर्मचारियों के धरना स्थल पर पहुंचकर यह घोषणा की।

### हांसी डिपो की 75 बसों के पहिए थमे

उधर, हांसी सब डिपो के कर्मचारियों ने अपनी 15 सूत्रीय मांगों को लेकर दो दिवसीय चक्का जाम शुरू किया। हड़ताल के पहले ही दिन हांसी डिपो की करीब 75 बसें पूरे दिन परिसर में खड़ी रहीं, जिससे रोडवेज की बस सेवाएं पूरी तरह प्रभावित हो गईं। बसों का संचालन बंद रहने से हजारों यात्रियों, नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों तथा ग्रामीण क्षेत्रों से आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और उन्हें निजी वाहनों व अन्य वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ा।



हांसी। धरने पर बैठी महिलाएं व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## चानौत में खाप व किसानों की महापंचायत में सरकार को दिया 14 तक का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

बरवाला रोड़ स्थित गांव चानौत में पानी की मांग को लेकर चल रहा धरना शुक्रवार को 56वें दिन भी जारी रहा। धरने की आगामी रणनीति को लेकर खाप पंचायतों, किसान संगठनों और ग्रामीणों की मैरिज पैलेस में करीब 70 किसान संगठनों व 30 खाप पंचायत प्रतिनिधियों तथा धरना कमेटी सदस्यों की महापंचायत आयोजित की गई। इसमें प्रदेश की खाप पंचायत व किसान संगठनों के काफी सदस्यों ने भाग लिया। महापंचायत में पानी के मुद्दे पर सरकार के खिलाफ रणनीति तय करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि 14 जुलाई तक चानौत गांव को भाखड़ा पाइपलाइन से टी कनेक्शन नहीं दिया गया तो सभी खापें चानौत गांव की पानी की मांग को लेकर अपने अपने डिवीजन में प्रदर्शन करेंगी और 17 जुलाई को पूरे हरियाणा की खाप पंचायतें, किसान संगठन और ग्रामीण जींद में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान पानी की मांग उठाएंगे। महापंचायत में यह भी निर्णय लिया गया कि आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा, लेकिन यदि निर्धारित समय तक मांग पूरी नहीं हुई तो पूरे प्रदेश स्तर पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

**14 जुलाई तक टी कनेक्शन नहीं मिला तो 17 जुलाई को जींद में प्रधानमंत्री से पानी की मांग करेंगे खाप व किसान संगठन**

वक्ताओं ने कहा कि सभी खाप पंचायतें और किसान संगठन चानौत गांव के साथ मजबूती से खड़े हैं तथा आगे की रणनीति भी संयुक्त रूप से तय की जाएगी।

### शीघ्र समाधान करना चाहिए

वक्ताओं ने कहा कि चानौत गांव की यह लड़ाई केवल एक गांव की नहीं बल्कि पानी के अधिकार और ग्रामीणों के अस्तित्व की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि सरकार को ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान करना चाहिए।

## बरवाला के विकास कार्यों को तेज गति से किया जाएगा पूरा : गंगवा

**हिसार।** लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि बरवाला में तेज गति से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। वर्ष 2027 तक काफी कार्य पूर्ण हो जाएंगे, जिसके बाद बरवाला शहर की एक अलग ही तस्वीर नजर आएगी। उन्होंने बताया कि 3 करोड़ 87 लाख रुपये की लागत से सिटी पार्क के निर्माण कार्य का शिलान्यास जल्द ही किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बरवाला की बड़ी लाइब्रेरी का कार्य भी जल्द ही किया जाएगा, जिसके लिए 3 करोड़ 80 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई है। इसी प्रकार से 3 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से बरवाला शहर में चंडीगढ़ की तरफ से तथा हिसार की तरफ से एंट्री गेट चौक का निर्माण किया जाएगा। नगर परिषद तथा लोक निर्माण विभाग के कार्यालय का निर्माण किया जा चुका है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अकेले जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगभग 70 करोड़ रुपये की राशि से एसटीपी तथा डब्ल्यूटीपी जैसे कार्य किए जा रहे हैं। स्ट्रोम वाटर ड्रेनेज के लिए अगल से पाइप लाइन बिछाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के लिए अगले 5-6 महिने खुदाई इत्यादि के कार्यों से परेशानी हो सकती है।





## कैडेट्स ने सीखे शस्त्र संचालन और प्राथमिक उपचार के गुर

**हिसार।** लुवास में वन हरियाणा आर एंड वी स्क्वाड्रन एनसीसी द्वारा आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का तीसरा दिन बेहद ज्ञानवर्धक और गतिविधियों से भरपूर रहा। शिविर का उद्देश्य कैडेटों में अनुशासन, शारीरिक दक्षता और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। तीसरे दिन के प्रशिक्षण का शुभारंभ तड़के शारीरिक प्रशिक्षण और हॉर्स राइडिंग अभ्यास से हुआ। इसके बाद तकनीकी प्रशिक्षण सत्र में कैडेट्स को कदमताल और शस्त्र संचालन का कड़ा अभ्यास कराया गया। शिविर के दौरान कैडेटों को पशु प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं से भी अवगत कराया गया।

**शस्त्र संचालन के प्रति दिखा जबरदस्त उत्साह**

वहीं, लुवास के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट नरेंद्र सिंह ने कैडेट्स को अश्व की बाह्य शारीरिक संरचना के बारे में विस्तार से समझाया। कैंप में कैडेटों को आत्मनिर्भर और संकट के समय मददगार बनाने के लिए प्राथमिक उपचार का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। पूरे दिन चली इन गतिविधियों में कैडेटों का उत्साह देखते ही बनता था। विशेष रूप से शस्त्रों को सुरक्षित तरीके से संभालने और उनके उपयोग के प्रशिक्षण में कैडेट्स ने सबसे अधिक रुचि दिखाई। दिनभर की कड़ी ट्रेनिंग के बाद, सायंकालीन सत्र का समापन खेलकूद गतिविधियों के साथ हुआ।

## सीएम कल करेंगे गुजवि में माता अमृता देवी सर्कल का उद्घाटन

**हिसार।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 12 जुलाई को यहां के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आएंगे। इस दिन वे विश्वविद्यालय में स्थापित खेजड़ली महाबलिदान स्मृति शिल्प एवं माता अमृता देवी सर्कल का लोकार्पण करेंगे। साथ ही विश्वविद्यालय में बनने वाले 140 कमरों के नए महिला छात्रावास व नए नर्सिंग ब्लॉक का शिलान्यास भी करेंगे। इस संबंध में विश्वविद्यालय ने तैयारियां आरंभ कर दी हैं। विवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि समारोह में पूर्व सांसद कुलदीप सिंह बिश्नोई स्रोत वक्ता होंगे जबकि लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा अति विशिष्ट अतिथि उपस्थित होंगे। समारोह में हिसार की विधायक सावित्री जिंदल, नलवा के विधायक रणधीर सिंह पनिहार, मेयर प्रवीन पोपली, बिश्नोई समाज के स्वामी डा. सच्चिदानंद आचार्य तथा सहित अनेक जनप्रतिनिधि तथा बिश्नोई समाज के गणमान्य व्यक्ति भी भाग लेंगे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि मुख्यमंत्री दोपहर बाद एक बजे विश्वविद्यालय के सीआरएस सभागार में अपना संबोधन भी देंगे।

**छात्रावास विस्तार परियोजना व नर्सिंग ब्लॉक का भी होगा शुभारंभ**



## अखिल विश्व गायत्री परिवार ने संस्कार शाला में किया गोष्ठी का आयोजन

**हिसार।** कैमरी रोड पर स्थित अखिल गायत्री शक्तिपीठ एवं संस्कारशाला में हरिद्वार से पहुंचे टोली नायक सुखदेव शास्त्री व प्रदीप साहू के सानिध्य में हवन यज्ञ व गोष्ठी का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी डॉ. महिपाल मुंजाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर हरिद्वार से पहुंचे टोली नायक सुखदेव शास्त्री व प्रदीप साहू ने कहा कि मानवता की सेवा ही सच्चा धर्म है। ऐसी सोच के साथ ही गायत्री परिवार काफी वर्षो से सामाजिक-धार्मिक कार्य करता आ रहा है। गायत्री महामंत्र से समृद्धि और यज्ञ से हमें सत्कर्म करने की प्रेरणा मिलती है। मनुष्य को जीवन में ऊंचा उठने के लिए यज्ञ और गायत्री मंत्र को धारण करना चाहिए। इस मौके पर विवेक प्रताप सिंह हरिद्वार, डॉ. अनिल मित्तल, डॉ. रेखा पंवार, डॉ. यशपाल मुंजाल, आलोक सैनी, सुनील गर्ग, शंकर बंसल, परमानंद, रीतू सुनेजा, कांता महता, गुलशन शर्मा, मनोज शर्मा, अशोक जैन, डॉ. विजय सारस्वत, आरसी मिश्रा, महेश्वरी देवी, डॉ. गौरव मुंजाल, नरेंद्र ढुल के अलावा सभी सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**मानवता की सेवा ही सच्चा धर्म : शास्त्री**

## राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता प्रतियोगिता में जीते कई पुरस्कार, कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी

**जिंदल स्टेनलेस की बड़ी उपलब्धि**

- हिसार और जाजपुर विनिर्माण संयंत्रों को ऊर्जा संरक्षण और डीकार्बोनाइजेशन के लिए मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारत की अग्रणी स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित 10वीं सीआईआई राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता सर्किल प्रतियोगिता 2026 में अनेक राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कंपनी के हिसार, हरियाणा और जाजपुर, ओडिशा स्थित विनिर्माण संयंत्रों को ऊर्जा संरक्षण, डीकार्बोनाकाइजेशन तथा ऊर्जा प्रबंधन की उत्कृष्ट प्रणालियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए चार विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। हिसार इकाई को सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा दक्षता केस स्टडी तथा निम्न-कार्बन/कार्बन न्यूट्रल पहल श्रेणियों में राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए गए।





हिसार। सम्मान प्राप्त करती जिंदल स्टेनलेस हिसार की टीम। फोटो : हरिभूमि

सम्मानित पहलों में वेस्ट हीट रिकवरी सिस्टम, हीटर-लेस वेपोराइज़र का उपयोग, नवीकरणीय ऊर्जा का एकीकरण, ऊर्जा दक्ष उपकरणों का उपयोग तथा ग्रीन हाइड्रोजन से जुड़ी पहलें शामिल हैं। पिछले चार वर्षों में संयंत्र ने 112 ऊर्जा दक्षता परियोजनाएं सफलतापूर्वक लागू की हैं, जिनके परिणामस्वरूप नवीकरणीय ऊर्जा एवं ऊर्जा दक्षता पहलों के माध्यम से 5,84,903 टन सीओटूई के संचयी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी दर्ज की गई।

### सतत विकास हमारे कामकाज की रणनीति का अभिन्न हिस्सा : जिंदल

इस उपलब्धि पर जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि जिंदल स्टेनलेस में सतत विकास हमारे कामकाज और विकास की रणनीति का अभिन्न हिस्सा है। सीआईआई द्वारा मिला यह सम्मान परिचालन उत्कृष्टता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को साथ लेकर चलने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। डीकार्बोनाइजेशन की दिशा में आगे बढ़ते हुए हम ऐसी तकनीकों और प्रक्रियाओं में निवेश जारी रखेंगे, जो भारत को निम्न-कार्बन भविष्य की ओर अग्रसर करने के साथ-साथ हमारे सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य का सृजन करें। इस प्रतियोगिता में इस्पात, ऑटोमोबाइल, विद्युत तथा विनिर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी कंपनियों ने भाग लिया।

### हिसार टीम के लिए गर्व का विषय : बिंदलिश

इस सम्मान पर जिंदल स्टेनलेस, हिसार के यूनिट हेड विजय बिंदलिश ने कहा कि यह सम्मान हिसार टीम के लिए गर्व का विषय है। यह ऊर्जा दक्षता और डीकार्बोनाइजेशन को हमारी रणनीतिक प्राथमिकताओं के रूप में अपनाने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम अपने निम्न-कार्बन और नेट-ज़ीरो लक्ष्य की दिशा में निरंतर नवाचार और सुधार जारी रखेंगे।





## राजकीय पॉलिटेक्निक में स्वयंसेवकों को प्रमाण-पत्र वितरित

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक के 29 राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्वयंसेवकों को दो वर्षीय एनएसएस कार्यकाल पूर्ण करने पर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। यह उपलब्धि एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सोनू सिंह तथा एनएसएस मेंटर डॉ. अंजली जागलान के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रेरणा में प्राप्त हुई। उनके नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने दो वर्षों के दौरान स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, जागरूकता रैलियों, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा कार्यक्रमों सहित अनेक जनकल्याणकारी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य जगमोहन ढुहन ने सभी 29 स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए उनके अनुशासन, समर्पण एवं समाज सेवा की भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भविष्य में भी समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया।

**एनएसएस राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करने का एक सशक्त माध्यम**

### 193 बोतल अवैध शराब, 1.39 लाख नकदी व वाहन सहित तस्कर दबोचा

**आदमपुर।** अवैध शराब तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक तस्कर को 193 बोतल अवैध शराब, 1.39 लाख की नकदी और तस्करी में प्रयुक्त वाहन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस का मानना है कि बरामद नकदी अवैध शराब के कारोबार से जुड़ी हो सकती है, जिसकी जांच की जा रही है। आदमपुर थाना में तैनात एएसआई रोहताश के अनुसार पुलिस टीम कोहली-महलसरा रोड पर गश्त एवं अपराध रोकथाम ड्यूटी पर थी। इसी दौरान संदेह के आधार पर एक वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन से 109 बोतल अवैध देशी शराब, 84 बोतल बीयर तथा एक लाख 39 हजार 350 की नकदी बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान सिंघवा खास गांव निवासी दीपक के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। साथ ही बरामद अवैध शराब, नकदी और तस्करी में प्रयुक्त वाहन को कब्जे में ले लिया।

## चोरी के मामले में आरोपी काबू मोबाइल किया बरामद

**हिसार।** सदर पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरीशुदा मोबाइल फोन और एलईडी टीवी भी बरामद किया है। मामले में आरोपी की अन्य चोरी की वारदातों में संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर रजत ने बताया कि इस संबंध में गत 3 मई को सदर थाना में शिकायतकर्ता के घर से एक एलईडी टीवी, दो जोड़ी कपड़े और एक मोबाइल फोन चोरी होने का मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने तलवंडी राणा निवासी संदीप उर्फ मिट्ठा को गिरफ्तार किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

**बैठक** | पशु विज्ञान क्षेत्र में सहयोग के लिए फ्रांस के प्रतिनिधिमंडल ने किया लुवास का दौरा

# पशु विज्ञान क्षेत्र में शैक्षणिक व वैज्ञानिक सहयोग की संभावनओं पर किया मंथन

**कार्यक्रम में समझौता ज्ञापनों तथा नवाचारों की भी दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

फ्रांस के दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की सदस्य नेड्ज लीबो व मोनिक ट्रान, काउंसलर (कृषि मामलों), फ्रेंच दूतावास ने लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विवि (लुवास) का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य पशुपालन एवं पशु विज्ञान के क्षेत्र में विवि की अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं विस्तार शिक्षा गतिविधियों का अध्ययन करना तथा भविष्य में शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श करना था। कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कुलपति कार्यालय के समिति कक्ष में प्रतिनिधिमंडल एवं विवि के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक भी हुई। बैठक के दौरान कुलपति ने विवि की कार्यप्रणाली, उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि लुवास की गतिविधियां शिक्षण, अनुसंधान तथा किसानों के लिए विस्तार शिक्षा पर आधारित हैं। बैठक में विवि की विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ किए गए समझौता ज्ञापनों तथा नवाचारों की जानकारी भी दी गई। नेड्ज लीबो एवं मोनिक ट्रान ने पशु विज्ञान के क्षेत्र में लुवास द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश खुराना, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. गौतम, आईपीवीएस निदेशक डॉ. पवन कुमार, अधिष्ठाता डॉ. एसबी पाटिल, प्रबंधन निदेशक डॉ. सोनिया सिंधु, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संदीप गुप्ता, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. सुखदीप वोहरा, लेखा नियंत्रक विकास खरब, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. निलेश सिंधु आदि मौजूद रहे।



हिसार। कुलपति वर्मा से बातचीत करते फ्रांस का प्रतिनिधिमंडल।

## सैनी समाज हांसी का सम्मान समारोह आज, प्रतिभाओं का होगा सम्मान

**हांसी।** सैनी समाज हांसी द्वारा 11 जुलाई को सुबह सुभाष ड्रामेटिक क्लब में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज की प्रतिभाओं, शिक्षा, सेवा, संस्कार तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित कर सामाजिक एकता, प्रेरणा और समरसता को बढ़ावा देना है। समारोह में हरियाणा सरकार के सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी, हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन गुरुनाम सैनी तथा हरियाणा वन विकास निगम लिमिटेड के चेयरमैन रवि सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मपाल सैनी करेंगे। आयोजन समिति में राधेश्याम सैनी, जेसी सर्वेश सैनी, अशोक सैनी, सुरेंद्र सैनी, सुरेंद्र महादेव, कुलदीप सैनी उर्फ ढोला ने बताया कि यह समारोह केवल सम्मान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि शिक्षा, युवाओं के उत्थान, भाईचारे, सामाजिक सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का सामूहिक प्रयास होगा। समारोह के माध्यम से नई पीढ़ी को मेहनत, ईमानदारी और उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरित किया जाएगा।